## महत्वपूर्ण एवं खास

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** खमतराई पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 35 पाव देशी एवं अंग्रेजी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर डेरापारा बीरगांव के पास आरोपी दुर्गेश उइके 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 35 पाव देशी एवं अंग्रेजी शराब जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### 25 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जगदलपुर (आरएनएस)।** जिले के थाना नगरनार अंर्तगत धनपुंजी नाका से एक गांजा तस्कर लक्ष्मीणारायण पुनिया निवासी जयपुर राजस्थान को 25 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है। गांजा तस्कर लक्ष्मीणारायण पुनिया के विरूद्ध थाना नगरनार में 20 (बी) एनडीपीएस. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के कब्जे से 25 किलोग्राम गांजा, 01 नग मोबाईल जप्त किया गया है। जप्तशुदा गांजा की अनुमानित बाजार मूल्य 01 लाख 25 हजार रूपये आंकी गई है।

### जशपुर जिले के ग्राम पंचायत लोरो और तोरा के पंचायत सचिव निलंबित

**रायपुर (आरएनएस)।** जशपुर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र यादव ने बगीचा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत लोरो के सचिव मंगतु राम और ग्राम पंचायत तोरा के सचिव राम श्रवण यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय जनपद पंचायत बगीचा निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला स्तर के छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक में शामिल होकर कॉलेज की छात्रा सहित महिला प्रतिभागियों के साथ वापस अपने ग्राम पंचायत लौटते समय मंगतु राम एवं रामश्रवण ने गाड़ी रोककर शराब का सेवन किया था। मंगतु राम एवं रामश्रवण का उक्त कृत्य छ.ग.पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 के नियम 03 के विपरीत है। अत: मंगतु राम पंचायत सचिव लोरो एवं राम श्रवण पंचायत सचिव तोरा जनपद पंचायत बगीचा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है एवं इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### हत्या के मामले में 6 माह बाद पकड़े गए तीन हत्यारे

**मगरलोड (आरएनएस)।** निराई माता दर्शन करने गए ललित बारले पर जानलेवा हमला करने उसकी हत्या करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने 6 माह बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार 17 अप्रैल 2022 को मोहेरा के निरई माता दर्शन करने गए गोबरा नवापारा निवासी ललित बारले पर गांव के कुछ बदमाशों ने मारपीट की थी। इस घटना में ललित बारले के पेट की अतड़ी फट गई थी जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था जिसकी 6 माह पूर्व इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मामले की शिकायत मृतक ललित के पिता बलिराम बारले ने थाने में मामले दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज करने के 6 माह बाद मोहेरा के तीन आरोपियों की पहचान कर हत्या के आरोप में मगरलोड पुलिस ने गिरफ्तार किया है। धारा 302 दर्ज करने के बाद मोहेरा के देवनारायण चंद्रवंशी, ठाकुर राम कश्यप, जितेंद्र कश्यप तीनों आरोपियों को मगरलोड पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# कलेक्टर ने सड़क निर्माण कार्य का लिया जायजा

- संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्टर ने बिलाईगढ़ के आत्मानंद स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में लिया हिस्सा
- भटगाँव कृषि उपज मंडी का किया औचक निरीक्षण
- रीपा के अंतर्गत प्रस्तावित बेलटिकरी गौठान का किया निरीक्षण





**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** राज्य शासन के मंशानुरूप जिले में विगत दिनों से प्रारंभ हुई सड़क निर्माण, पेच कार्यों में काफी तेजी आई है। उक्त कार्यों के निरीक्षण के लिए डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने स्वयं आज सारंगढ़ से बिलाईगढ़ तक सड़क मार्ग का औचक निरीक्षण किया। संबंधित विभाग के अधिकारी से सड़क के पेच कार्य के मटेरियल की गुणवत्ता और सड़क की लंबाई के बारे में जानकारी ली। संबंधित अधिकारी ने सड़क की अलग-अलग ग्रेडिंग के बारे में जानकारी देकर अवगत कराया। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने शेष बचे हुए पेच कार्य की समयावधि के बारे मे जानकारी लेते हुए शीघ्र कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उक्त निरीक्षण के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी गण उपस्थित थे।

संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने बिलाईगढ़ के स्वामी आत्मानंद हायर सेकेण्डरी स्कूल में आयोजित फन फेयर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात उन्होंने बच्चों को संबोधित कर उन्हें उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। स्कूल के बच्चों द्वारा तैयार किए विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण किया।

कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने आज भटगांव स्थित कृषि उपज मंडी का निरीक्षण कर धान उठाव के बारे में जानकारी लेते हुए शीघ्र धान उठाव करने के निर्देश दिए। साथ ही गलत तरीके से स्टैक लगाने और बारदाने में सील न लगे होने पर कड़ी नाराजगी जताई एवं संबंधित अधिकारी को मंडी समिति के सदस्यों को सरकार की स्टैक की नियमावली से अवगत कराकर उस अनुसार स्टैक लगाने के निर्देश दिए। धान को पहचानने की समस्या पैदा न हो, इसके निपटान के लिए बारदाने में सील लगाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने रीपा के अंतर्गत प्रस्तावित बेलटिकरी गौठान स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों से कार्ययोजना के बारे में जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने गौठान में आजीविका के लिए किये जाने वाले उपायों पर चर्चा की। कलेक्टर ने सभी को कहा कि कुछ ऐसे प्रोजेक्ट इसमें जोड़े जाएं जिससे गौठान में कार्य करने वाले लोगों के भी रोजगार के साधन उपलब्ध हो। संबंधित अधिकारी ने मिनी राइस मिल और मुर्रा मिल का सुझाव दिया। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने सहजपाली गौठान के कार्यों का उल्लेख करते हुए उनके द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी देते हुए उनके द्वारा संचालित मुर्रा मशीन, मछली पालन और सब्जियों की खेती के बारे में बताया और उनसे सीख लेते हुए अपने क्षेत्र की मांग अनुसार आजीविका के विकल्पों पर कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही गौठान में गोबर की उपलब्धता और बाउंड्री वाल बनाने के बारे में जानकारी ली। उक्त निरीक्षण के दौरान एसडीएम बिलाईगढ़ और संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## रास्ता भटके हुए बुजुर्ग व्यक्ति को डॉयल 112 ने पहुंचाया घर

**रायगढ़।** डॉयल 112 पुसौर राइनो द्वारा कल शाम इवेंट से लौटते समय काफी बुजुर्ग व्यक्ति (उम्र 106 वर्ष) को पुसौर आमंत्रण हॉटल के पास अकेले चलने फिरने में असमर्थ एवं रास्ता भटका हुआ पाकर उसे उसके घर पहुंचाया गया। पुसौर राइनो स्टाफ के इस मानवीय कार्य को काफी सराहा जा रहा है।



जानकारी के मुताबिक कल शाम करीब 04.30 बजे इवेंट से लौटते समय #पुसौर राइनो के स्टाफ को आमंत्रण होटल के पास सड़क किनारे काफी बुजुर्ग व्यक्ति दिखा जो चोटिल और चलने फिरने में असमर्थ दिख रहा था। राइनो वाहन (ERV) में कार्यरत आरक्षक नवधा प्रसाद भैना और वाहन चालक सतीश चन्द्रा बुजुर्ग से उसका नाम, पता पूछे जो अपना नाम चीतकी राम पिता पिलाराम उम्र 106 वर्ष ग्राम अमलीपाली चौकी जुटमिल का रहने वाला बताया। राइनो स्टाफ द्वारा स्वयं डॉयल 112 को कॉल कर इवेंट जनरेट किया गया और बुजुर्ग व्यक्ति को पहले पुसौर अस्पताल ले जाकर उसका इलाज कराएं और उसके बाद उसे घर पहुंचाने गये। घर पर बुजुर्ग व्यक्ति का बेटा आत्मा राम (30 साल) मिला जो बताया कि सुबह अपने पिता जी के साथ पुसौर बैंक गये थे, जहां पिताजी अचानक कहीं चले। हम लोग किसी के साथ घर आ गये होंगे कहकर वापस घर आ गये थे। बुजुर्ग चीतकी राम को सड़क पर गिरने से चोट आयी थी। उसके घर परिवार के लोगों ने पुसौर राइनो स्टाफ के सवेदंशीलता को सराहे और उन्हें धन्यवाद दिये।

## कानून के पालन में ही संविधान दिवस मनाने की सार्थकता- जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीश श्रीवास्तव

**रायगढ़।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायगढ़ रजनीश श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में आज शासकीय पालूराम धनानिया वाणिज्य एवं कला महाविद्यालय रायगढ़ में छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के निर्देशानुसार विधिक शिक्षा केंद्र द्वारा संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि जितेंद्र कुमार जैन विशिष्ट जज एससी एसटी एक्ट रायगढ़, अंकिता अग्रवाल एडिशनल जज रायगढ़, कुमारी प्रांजली नेताम एडिशनल जज रायगढ़, कुमारी श्वेता ठाकुर एडिशनल जज रायगढ़ एवं सौरभ बारा सिविल जज रायगढ़ उपस्थित रहें।





जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायगढ़ रजनीश श्रीवास्तव द्वारा संविधान की प्रस्तावना का पठन कराया गया। श्रीवास्तव ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51(अ) मौलिक कत्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार से इसके एक-एक शब्द में विस्तृत अर्थ समाहित है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि हमारे ही जागरुकता से समाज में परिवर्तन आ सकता है। साथ ही चाइल्ड हेल्प लाइन के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.भवानी प्रसाद यादव ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि जितेंद्र कुमार जैन ने मोटर वाहन अधिनियम के महत्व तथा उससे जुड़े धाराओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि सबसे पहले हमें अपने कर्तव्य और अधिकारों के बारे में जानना होगा और उनके प्रति जागरूक होना होगा।

कार्यक्रम के अंत में संविधान दिवस के तत्वाधान में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायगढ़ श्रीवास्तव ने प्रमाण-पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों के अलावा बड़ी संख्या में बी.ए.एल एल.बी. के छात्र-छात्रायें उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन हेमकुमारी पटेल ने की। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. प्रदीप शर्मा रहे।

## कम दाम पर सोना दिलाने के नाम पर लोगों से एक करोड़ से अधिक की ठगी

- तीन गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** कम दाम में सोना देने तथा व्यवसाय में पैसा लगाकर ज्यादा मुनाफा कमाने का लालच देकर एक दर्जन लोगों से लगभग करोड़ रूपए की ठगी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने ड्क्षगरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने एक महिला सहित 3 अंतर्राज्यीय आरोपियों को गिरफ्तार किया है वहीं मुख्य आरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। ।

मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर 02ए अग्रोहा सोसायटी निवासी शिवकुमार अग्रवाल ने थाना न्यू राजेन्द्र नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपनी पत्नि रानी अग्रवाल के नाम व स्वामित्व की एक जमीन के विक्रय करने के लिए अनिल वर्मा पिता जगमोहन प्रसाद वर्मा से 21 लाख रूपये में बेचने का सौदा हुआ। अनिल वर्मा ने अपनी पत्नी अंजली सोनी के नाम पर रजिस्ट्री के समय 5-5 लाख रूपये के 2 चेक तथा 11 लाख रूपये का 1 चेक शिवकुमार अग्रवाल की पत्नि रानी अग्रवाल के नाम पर दिया। अंजली सोनी के द्वारा दिये गए 5-5 लाख रूपये के दोनों चेक में 10 लाख रूपये उसकी पत्नि रानी अग्रवाल के खाते में प्राप्त हआ किन्तु 11 लाख रूपये के चेक के संबंध में अनिल वर्मा उसकी पत्नि अंजली सोनी एवं उनके साले जयनारा ने शिवकुमार के घर आकर कहा कि मुझे अभी बड़ी रकम की जरूरत है इसलिए आप मेरे घर के रजिस्ट्री पेपर रख लीजिये और 10 लाख रूपये हमें दे दीजिए मैं आपको एक साथ 21 लाख रूपये आरटीजीएस के माध्यम से वापस कर दूंगा तथा अपने रजिस्ट्री वापस ले लूंगा। जिस पर अंजली सोनी के द्वारा प्रार्थी की पत्नि को 10 लाख रूपये का चेक दिया गया इनकी बातो पर भरोसा करते हुए शिवकुमार एवं उसकी पत्नि ने इनको 10 लाख रूपये दे दिये। शिवकुमार जब अनिल वर्मा से अपने पैसो के संबंध में उसकी राज ज्वेलर्स दुकान पर जाकर बात की गई उस समय दुकान में जय कुमार नारा और अखिलेश उर्फ भोला मौजूद थे। जय कुमार नारा के द्वारा शिवकुमार को समझाते हुए कहा गया कि अभी अनिल वर्मा को और पैसो की जरूरत है क्योंकि अनिल के द्वारा दिल्ली से थोक में सोना लाकर रायपुर में बेचने का प्लान है अगर आप भी कुछ और पैसे अनिल के व्यवसाय में लगाते हो तो अच्छा खासा लाभ और मैने भी 30 लाख रूपये अनिल के काम में लगाएं है। जयनारा और अनिल ने शिवकुमार को कहा कि 7 लाख रूपये दे दो मैं आपको 8 लाख रूपये कमाई के साथ वापस करूंगा। जिस पर शिवकुमार ने 7 लाख रूपये आरटीजीएस के माध्यम से दिनांक 28 फरवरी.2022 को अनिल वर्मा को दिया गया इसके बाद दीवाली से पहले अनिल वर्मा एवं जय कुमार नारा शिवकुमार के घर आये और बोले कि सोने का भाव बढ़ रहा है। 5 लाख रूपये कम पड़ रहे है आप 5 लाख रूपये सोने खरीदी के लिये मिला दो जो भी कमाई होगी उसमें बराबर मिलेगा। जिस पर शिवकुमार द्वारा पुन: नगद 5 लाख रूपये अनिल और जय कुमार नारा को दे दिया गया। दीपावली के बाद जब प्रार्थी राज ज्वेलर्स गया तो उसे जानकारी मिली कि अनिल वर्मा अपनी पत्नी अंजली सोनी और उसके दोनो सालो जय कुमार नारा एवं अखिलेश सिंह के साथ रायपुर छोडक़र भाग गये है। जिसके बाद इसकी शिकायत शिवकुमार ने थाने में दर्ज कराई। मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी न्यू राजेन्द्र नगर के नेतृत्व में थाना न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में शिवकुमार एवं उसकी पत्नि से विस्तृत पूछताछ कर आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा आरोपियों की पतासाजी के संबंध में मुखबिर लगाने के साथ ही तकनीकी विश्लेषणों के माध्यम से भी आरोपियों की पतासाजी करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान टीम के आरोपियों की गिरफ्तारी में लगी टीम के सदस्यों को आरोपियों की उपस्थिति के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा घटना में संलिप्त आरोपी अंजली वर्मा उर्फ अंजली सोनी, अखिलेश सिंह उर्फ भोला एवं जयकुमार नारा को गिरफ्तार किया गया।

## कलेक्टोरेट में अधिकारी एवं कर्मचारियों ने किया संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन



**रायगढ़।** संविधान दिवस के अवसर पर आज संयुक्त कलेक्टर डी.आर.रात्रे ने जिला कार्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों को संविधान के प्रस्तावना का पठन कराया। उन्होंने संविधान के प्रति निष्ठा रखने तथा संविधान में प्रदत्त अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

उल्लेखनीय है कि डॉ.भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के प्रारूप निर्माण समिति के अध्यक्ष थे। भारतीय संविधान को 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा में अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित किया गया है। इस अवसर पर जिला कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## 466 से अधिक सवारी ऑटो चालकों पर हुई कार्यवाही

**रायपुर (आरएनएस)।** शहर में संचालित होने वाले सवारी ऑटो रिक्शा व ई रिक्शा चालकों द्वारा लगातार यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने, बीना फिटनेस परमिट के वाहन चलाने व सवारियों के साथ भी दुव्र्यवहार किए जाने के संबंध में लागातार शिकायतें प्राप्त हो रही थी जिसे देखते हुए पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला रायपुर प्रशांत अग्रवाल द्वारा सवारी ऑटो चालकों एवं ई-रिक्शा वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाकर कागजात चेक करने एवं नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर भी प्रभावी कार्यवाही किए जाने निर्देशित किया गया। उक्त निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर जयप्रकाश बढ़ाई एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर गुरजीत सिंह के निर्देशन पर यातायात पुलिस रायपुर के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा शहर के प्रमुख चौक चौराहों एवं मार्गों पर चेकिंग पॉइंट लगाकर ऑटो रिक्शा एवं ई रिक्शा वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। उक्त अभियान के तहत 466 से अधिक सवारी ऑटो के विरुद्ध मोटर यान अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया।



## दुग्ध उत्पादन इकाई के रूप में भी गौठान को विकसित करने काम तेज

- मोहंदी में भी पहुंची उच्च नस्ल की साहीवाल और गिर गाय
- अपने गौठान से गांव वालों का ऐसा लगाव कि अतिथि की तरह पूजा कर स्वागत किया गया गायों का गौठान में



**दुर्ग (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप गौठानों को दुग्ध उत्पादन की इकाई के रूप में भी विकसित करने और इस माध्यम से गौठान की आय बढ़ाने तथा स्व सहायता समूह की आय बढ़ाने की दिशा में कार्य शुरू हो गया है। मोहलाई और चंदखुरी के पश्चात अब आज धमधा ब्लॉक के मोहंदी के गौठान में भी साहिवाल और गिर प्रजाति की गाय लाई गई है। गांव वालों ने गायों का स्वागत तिलक लगाकर पारंपरिक तरीके से किया। उल्लेखनीय है कि गिर और साहिवाल प्रजाति की गाय हर दिन लगभग 15 लीटर दूध देती है और इसके माध्यम से बड़ी आय की संभावनाएं बनती है। मोहलाई और चंदखुरी में जहां गौठान में यह गाय दी गई है वहां हर दिन लगभग 15 सौ रुपए का दूध बेचा जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशाअनुरूप गौठान में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने के लिए कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में गौठानों के लिए उच्च नस्ल की गाय मंगवाई जा रही है अभी 70 गौठानों में उच्च नस्ल की गाय चरणबद्ध रूप से आएंगी। मंशा यह है कि स्थानीय स्तर पर दूध की पर्याप्त उपलब्धता हो जाए जिससे पोषण का स्तर भी बढ़ेगा, साथ ही गौठान आर्थिक रूप से मजबूत होंगे। स्व सहायता समूह की महिलाओं की आय बढ़ेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए जनपद पंचायत के एडीईओ राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मोहंदी में जब उच्च नस्ल की गाय आई तब गांव में उत्सव का माहौल था। लोगों ने पारंपरिक तरीके से पूजा कर इन गायों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि उच्च नस्ल की गाय बड़ी काफी मात्रा में दूध देती है जिसकी वजह से पर्याप्त आय की संभावनाएं बनती है जिससे अन्य गौठान में भी समूह की महिलाएं उच्च नस्ल की गायों के माध्यम से दुग्ध उत्पादन का कार्य आरंभ करेंगी।

जनपद पंचायत सीईओ प्रकाश मेश्राम ने बताया कि सभी गौठान में जहां उच्च नस्ल की गाय मंगवाई जा रही है वहां नेपियर जैसे चारे की पर्याप्त उपलब्धता है। उल्लेखनीय है कि उच्च नस्ल की साहिवाल और गिर जैसी प्रजातियों के आने से ना केवल दूध उत्पादन गौठान में बढ़ेगा अपितु नस्ल संवर्धन की संभावनाएं भी बढ़ेगी और इससे गौठान आर्थिक इकाई के रूप में और भी मजबूत होंगे तथा स्वावलंबन की दिशा में और भी अग्रसर होंगे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480